भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 753
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हवाई कार्गो टर्मिनल की स्थापना

753. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ओडिशा से कृषि, बागवानी और मत्स्य निर्यात को समर्थन देने के लिए भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा विमानपत्तनों पर समर्पित हवाई कार्गो टर्मिनल या शीत श्रृंखला सुविधाएं स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान उक्त विमानपत्तनों द्वारा प्रबंधित किए गए कार्गो की मात्रा का विमानपत्तन-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत बोलांगीर और सोनपुर के किसान-उत्पादक समूहों या एमएसएमई से हवाई कार्गो सेवाओं का उपयोग करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा ओडिशा से सुगंधित चावल, सब्जियों, मत्स्य उत्पादों और हथकरघा-आधारित वस्तुओं जैसे उच्च मूल्य के खराब होने वाले उत्पादों के हवाई मार्ग से लाने-ले जाने को प्रोत्साहित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) एआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (एआईसीएलएएस) ने ओडिशा से कृषि, बागवानी और मत्स्य निर्यात में सहायता करने के लिए प्रशीतन केंद्र सुविधाओं के साथ-साथ भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर समर्पित घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाएँ स्थापित की हैं। घरेलू एयर कार्गो सुविधा की वार्षिक हैंडलिंग क्षमता 22,700 मीट्रिक टन है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधा की क्षमता 4,600 मीट्रिक टन है। वर्तमान में झारसुगुड़ा हवाईअड्डे पर एयरलाइनों द्वारा मौजूदा यात्री टर्मिनल भवन के माध्यम से एयर कार्गो परिचालन की सुविधा प्रदान की जाती है।

अतिरिक्त कार्गो सुविधाओं का विकास हवाईअड्डे के विकास की प्रगति, अनुसूचित परिचालनों में वृद्धि, हैंडलिंग क्षमता, घरेलू कार्गो की मात्रा में वृद्धि और एयरलाइनों से माँग जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। एयरलाइनें कार्गो क्षमता के अपने आंतरिक मूल्यांकन, किसी भी हवाईअड्डे की हैंडलिंग क्षमताएँ और परिचालन की समग्र वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर कार्गो परिचालन शुरू करती हैं।

(ख) भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर हैंडल किए गए एयर कार्गो की मात्रा वर्ष 2023-24 में 9,871 मीट्रिक टन और वर्ष 2024-25 में 9,086 मीट्रिक टन थी। झारसुगुड़ा हवाईअड्डे पर वर्ष

2023-24 में 95 मीट्रिक टन कार्गो को हैंडल किया गया था, जबकि वर्ष 2024-25 में कोई कार्गो आवाजाही दर्ज नहीं की गई थी।

(ग) और (घ) निर्यातक अपनी वाणिज्यिक व्यवहार्यता और आवश्यकताओं के आधार पर गंतव्य देश, एयरलाइन परिचालनों और प्रत्यक्ष या कनेक्टिंग सेवाओं की उपलब्धता और इच्छित गंतव्यों सहित विभिन्न निर्धारक कारकों के अनुसार उपलब्ध एयर कार्गो सुविधाओं का उपयोग करते हैं।

इसके अतिरिक्त, भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर मौजूदा सुविधा ओडिशा से सुगंधित चावल, सब्जियों, मत्स्य उत्पादों जैसे खराब होने वाले उच्च मूल्य के उत्पादों और हथकरघा आधारित वस्तुओं के पारवहन में सक्षम है।

*****